# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

(रक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक उद्यम)

**विज्ञापन सं.12949/मा. सं./गैड/एडीवी/2026/02** **दिनांक: 02.03.2026**

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) एक नवरत्न कंपनी और सार्वजनिक क्षेत्र की एक प्रमुख व्यावसायिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जो सैन्य रडार, नौसेना प्रणाली, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स, हथियार और अग्नि नियंत्रण संचार, होमलैंड सुरक्षा, सामरिक संचार और मानव रहित प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पादों के पोर्टफोलियो के साथ है।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, को अपने गाजियाबाद कॉम्प्लेक्स में एससीसीएस एसबीयू के लिए एक सलाहकार की आवश्यकता है:

| पद | पदों की संख्या | आवश्यक विशेषज्ञता | दिनांक 01.03.2026 तक अधिकतम आयु सीमा | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| सलाहकार (संचार एवं आईटी सिस्टम्स) | 01 | 1. अभ्यर्थी सेवानिवृत्त वरिष्ठ रक्षा अधिकारी (न्यूनतम विशेषज्ञता एयर वाइस मार्शल या समकक्ष) होना चाहिए, जिसके पास सैन्य क्षेत्र में न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव तथा आईएएफ़ (IAF) कम्युनिकेशन एवं आई टी सिस्टम के साथ निम्न क्षेत्रों में कम से कम 5 वर्ष की अनुभव विशेषज्ञता आवश्यक है:<br>1. सुरक्षित एवं सामरिक संचार<br>2. सैन्य सिद्धांत<br>3. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) एवं क्वांटम तकनीक कार्यान्वयन<br>4. सैटकॉम, सेल्युलर एवं अंतरिक्ष क्षेत्र<br>5. रक्षा प्रणालियों का स्वदेशीकरण<br>6. रक्षा खरीद एवं अधिग्रहण प्रक्रियाओं का ज्ञान<br>7. बीईएल द्वारा निष्पादित आईएएफ़ ( IAF) परियोजनाओं के प्रबंधन का अनुभव । | 60 वर्ष | बी.ई./ बी.टेक या उसके समकक्ष<br>(इलेक्ट्रॉनिक्स विषय को वरीयता दी जाएगी। |

नोट-योग्य आवेदकों के लिए उपरोक्त पात्रता मानदंडों में छूट पर विचार प्रबंधन अनुमोदन के अधीन है।

## 1.0 कार्य दायित्व:

सलाहकार रक्षा सुरक्षित संचार और आईटी प्रणालियों में डोमेन विशेषज्ञ हो जिन्हें संचालन और अनुसंधान एवं विकास के दृष्टिकोण से समग्र तकनीकी मार्गदर्शन, परीक्षण, कमीशनिंग और सत्यापन समर्थन के लिए सैन्य सिद्धांतों का व्यापक ज्ञान हो। वह भारतीय सशस्त्र बलों से संगत स्तरों पर समन्वय रखेंगे । डोमेन विशेषज्ञ की निम्न जिम्मेदारियाँ होंगी -

- आंतरिक डिज़ाइन और विकास टीमों को रणनीतिक मार्गदर्शन और सलाह प्रदान करना।
- आवश्यकताएं विश्लेषण, प्रणाली की अवधारणाकरण, भविष्य की सुरक्षित और रणनीतिक संचार और आईटी प्रणालियों के लिए प्रणाली संचालन और कार्यात्मक आवश्यकताओं को अंतिम रूप देने में सहायता प्रदान करना।
- सभी प्रमुख हित धारकों को सुरक्षित और रणनीतिक संचार प्रणाली के लिए विकसित की जाने वाली उन्नत विशेषताओं से संबंधित विशेषज्ञ सलाह प्रदान करना जैसे एआई और क्वांटम कार्यान्वयन तथा आवश्यकता पड़ने पर सदस्यों को परामर्शदाता की भूमिका का निर्वाह ।
- रक्षा बलों के साथ बीईएल की वर्तमान और भविष्य की प्रणालियों के संबंध में समन्वय ।

**2.0 नियुक्ति की शर्तें एवं भत्ते:**

**2.1** नियुक्ति अनुसंधान एवं विकास श्रेणी में की जाएगी तथा वह बीईएल में निदेशक (अन्य यूनिटें) को रिपोर्ट करेंगे।

**2.2** नियोजन की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी जिसे वर्ष-दर-वर्ष अधिकतम 8 वर्ष (यानी 8 वर्षों की समग्र अवधि) तक बढ़ाया जा सकता है या पदस्थ की आयु 68 वर्ष होने तक, इनमें से जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है।
बहरहाल, सलाहकारों की अवधि का विस्तार व्यवसायिक आवश्यकता और व्यक्ति के कार्य पर निर्भर करेगा। निर्धारित अवधि पूरा होने पर नियोजन की अवधि समाप्त हो जाएगी।

**3.0 संचालन का तरीका:**

व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने और यथा उल्लिखित आवश्यक कार्यात्मक/डोमेन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए सलाहकार या तो यूनिट/कार्यालय/ऑन-साइट स्थान से या निवास से कार्य करेंगे, जिसमें से एक महीने में न्यूनतम 8 कार्य दिवस यूनिट/कार्यालय/ऑन-साइट स्थान से होंगे।

**4.0 पारिश्रमिक**

सलाहकार को देय समेकित पारिश्रमिक पिछले सरकारी संगठन से अधिवर्षिता के समय लिया गया अंतिम वेतन यानि मूल वेतन होगा।

विस्तार की स्थिति में, विस्तारित अवधि (अर्थात् एक वर्ष) के लिए पारिश्रमिक अंतिम प्राप्त पारिश्रमिक (वाहन घटक को छोड़ कर) पर 5% बढ़ाया जाएगा।
यदि सलाहकारों ने सेवानिवृत्ति के बाद अन्य संगठन में कार्य करने का प्रासंगिक अनुभव प्राप्त किया है, तो इस अनुभव को उनके अंतिम प्राप्त वेतन में प्रति वर्ष 5% अतिरिक्त वृद्धि करने के लिए माना जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद के वर्षों के अनुभव की संख्या को भी आयु में छूट के लिए माना जाएगा।

**नोट-क्रम सं. 4.0 में उल्लिखित उपर्युक्त पारिश्रमिक प्रबंधन के अनुमोदन के अधीन होगा।**

**5.0 वाहन:** बीईएल द्वारा वाहन की व्यवस्था कारवाई जाएगी । कंपनी वाहन उपयोग न करने की स्थिति में 8,000/- प्रति माह परिवहन प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

**6.0 यात्रा भत्ता / महगाई भत्ता:** सलाहकार अधिवर्षिता के समय अपने ग्रेड (बीईएल के वेतन मान के समतुल्य) के अनुसार भारत के भीतर आधिकारिक यात्रा के लिए यात्रा भत्ता / महगाई भत्ता के हकदार होंगे।

**7.0 आवास:** आधिकारिक दौरे पर उपलब्धता के आधार पर गेस्ट हाउस सुविधा प्रदान की जाएगी । गेस्ट हाउस उपलब्ध न होने की स्थिति में होटल में ठहरना को बीईएल के यात्रा भत्ते/महगाई भत्ते नियमों के अनुसार (बीईएल के वेतन मान के समतुल्य) नियमित किया जाएगा ।

**8.0 गोपनियता-सह- गैर- प्रतिस्पर्धी समझौता:**

बाहरी सलाहकार जिनका अपने पिछले नियोक्ता के साथ गोपनीयता-सह-गैर-प्रतिस्पर्धी समझौता है वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

**9.0 सतर्कता/अनुशासनात्मक क्लीयरेंस:**

अभ्यर्थी की सेवा निवृत्ति के समय आवेदक के पास सतर्कता / अनुशासनात्मक क्लीयरेंस होनी चाहिए।

**10.0 आवेदन कैसे करें:**

i. इच्छुक और पात्र सेवानिवृत्त अधिकारियों को इस अधिसूचना के साथ दिए गए आवेदन पत्र को भरना होगा।
ii. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से उप प्रबंधक (एच.आर.), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, साइट-IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद, गाजियाबाद-201010 को भेजे जाएं।

iii. पूर्ण आवेदन प्रपत्र दिनांक 22.03.2026 से पहले पहुंच जाना चाहिए। ऐसे आवेदन जो अपूर्ण हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं, आवश्यक अनुलग्नकों के बिना है अस्वीकार कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन पत्र वाले लिफाफे पर 'जीएडी कॉम्प्लेक्स के एससीसीएस एसबीयु के सलाहकार पद के लिए आवेदन' स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए और इसे केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा ही भेजा जाना चाहिए।**

**11.0 प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज**: अभ्यर्थी आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें -

- **i.** एसएससी/दसवीं के अंक का प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में)।
- **ii.** शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र (10/12/बी.ई./बी.टेक./एम.ई./एम.टेक./पीएचडी डिग्री प्रमाण-पत्र) की स्व-प्रमाणित प्रतियां।
- **iii.** अंक-पत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियां (10/12/बी. ई./बी. टेक./एम. ई./एम. टेक./पीएचडी डिग्री प्रमाण-पत्र)।
- **iv.** संबंधित नियोक्ताओं से अनुभव/सेवा प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रतियां।
- **v.** नियोक्ता से सेवा-निवृत्ति/कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र।
- **vi.** अंतिम आहरित वेतन प्रमाणपत्र।
- **vii.** सेवारत अभ्यर्थियों के मामले में वर्तमान नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' ।

**12.0 सामान्य नियम एवं शर्तें:**

i. इन पदों के लिए केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।

ii. अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार से संबंधित सूचना ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी। इस प्रयोजन के लिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आगे के अनुदेशों के लिए हमारी वेबसाइट www.bel-india.in को नियमित रूप से देखें। अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अवैध/गलत ई-मेल आईडी या अन्य कारणों से भेजे गए किसी ई-मेल के बाउन्स होने पर बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी।

iii. केवल योग्यता और अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने से अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना आवश्यक नहीं है । चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, किसी भी कारण से किसी भी अभ्यर्थी को अयोग्य ठहराने का अधिकार सुरक्षित रखती है और साथ ही आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई और सूचना जारी किए या कोई कारण बताए बिना भर्ती या चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/संशोधित या परिवर्तित करने का अधिकार बीईएल के पास है।

iv. अभ्यर्थियों की संक्षिप्त सूची आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा घोषित सूचना के आधार पर तैयार की जाएगी। यदि चयन के किसी भी चरण में, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने अपने प्रत्यय-पत्रों के संबंध में झूठी सूचना दी है, तो बीईएल चयन के किसी भी चरण में उन्हें विवर्जित करने का अधिकार रखती है।

बीईएल की एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित है। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क या धनराशि नहीं लेती है हम रोजगार चाहने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संवाद से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी वाले कार्यों से होने वाले किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगी

बीईएल को ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ आपराधिक कार्रवाई करने का अधिकार है।

आवेदन और निर्धारित प्रारूप के लिए कृपया देखें- www.bel-india.in/career/Job अधिसूचना व संपर्क नंबर 0120-281-4157

आवेदन करने की अंतिम तिथि **22.03.2026** है -

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए ई-मेल: hrsccsgad@bel.co.in करें या संपर्क नंबर: 0120-281-4157

अद्यतित जानकारियों हेतु आवेदक वेबसाइट www.bel-india.in देखें ।